

नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 24 मार्च, 2026
03

## एक नजर में

### गैस टंकी की किल्लत से रसोई और होटल व्यवस्था प्रभावित

चाय होटलो पर पुराने जमाने की सिगड़ी, भट्टियो से चलाया जा रहा है काम



**सरदारपुर।** अमेरिका इराक के बीच छिडी जंग का असर सरदारपुर नगर में भी दिखाई दे रहा है, विगत दिनों से रसोई गैस की आई परेशानियों से रसोई घर परिवार वाले तो परेशान हो ही रहे हैं, इससे ज्यादा कही होटल व्यवसायी वालो की फजियत होती दिखाई दे रही है वे ज्यादा परेशानियों का सामना करते हुए बस स्टैंड पर पुराने ज़माने की सिगड़ी, भट्टियो से अपना काम चला रहे हैं। रसोई गैस की आई किल्लत से होटल व्यवसायी वालो के लिए रोजी रोटी का सवाल खडा हो गया है। अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि रसोई गैस की आई दिक्कत की समस्या कब तक रहेगी, कुछ कहा नही जा सकता है। गैस कम्पनी वालो से सम्पर्क करने पर जल्द ही परेशानियां दूर होगी कहकर गैस उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया जा रहा है।

### 15 सदस्यीय बालाजी मित्र मंडल ने तिरुपति बालाजी के दर्शन किए



**सरदारपुर** । 15 सदस्यो का बालाजी मित्र मंडल सरदारपुर ने शुक्रवार को निर्मलसिंह पंवार, सुमित चौहान के नेतृत्व में आंध्रप्रदेश के प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी धाम पहुंचकर दर्शन कर आशिर्वाद लिया। बालाजी महाराज से चेत्र नवरात्रि के चलते घर-परिवार और भारत देश के प्रति सुख-समृद्धि खुशियाली की कामना की गई। इसके बाद पदमावती लक्ष्मी माताजी, कालका माताजी और राधाकृष्ण स्कान मंदिर भी पहुंचकर सनातन धर्म का लाभ लिया। रविवार को श्रीबालाजी मित्र मंडल का सकुशल सरदारपुर आगमन हुआ। तिरुपति बालाजी मंडल में लक्ष्मण तिवारी, शुभम उपाध्याय, गणपतलाल शर्मा, देवेंद्र शैखावत, चिंटू चौहान, संजय पुरोहित, शुभम पाटीदार, मनोहरसिंह शैखावत, विजय परदेशी शिवम उपाध्याय आदि शामिल थे।

### सरदारपुर मे अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव का शहीद दिवस मनाया



**सरदारपुर** । देश की आजादी के लिए अपने प्राणो की आहुति देने वाले अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव के शहीद दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी धार के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरदारपुर द्वारा सरदारपुर मे विधायक कार्यालय पर अमर शहीदो के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रृध्दांजलि अर्पित कर नमन किया गया। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने शहीदो के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव का बलिदान युगो-युगो तक युवाओ के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा। इस दौरान सरदारपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतनलाल पडियार, भमरसिंह सरोदा, बबलु जायसवाल, अरूण मारू, शिवांग ग्रेवाल, धीरज पाटीदार, रायचंद डामर, चांद पटेल, लक्की सोनगरा, दौलत परमार, बंटी बना आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चोधरी द्वारा दी गई।

### कर्ज के जाल से विकास ढांचा ध्वस्त- विधायक शेखावत



**बदनावर।** प्रदेश सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है। कर्ज चुकाने के लिए कर्ज लेने के कारण विकास का डांचा बुरी तरह डह गया है। किसी भी विभाग में विकास कार्य हेतु राषि समय पर नहीं पहुॅच पाती है। गर्मी के मौसम में गांव में पानी की किल्लत के चलते बोरिंग नहीं लगाए जा रहे है। समुचा प्रशासनिक ढांचा आर्थिक रुप से जकडन में है। प्रदेष की आर्थिक स्थिति की दुर्दशा 30 साल में पहली बार देखी गई है। इसके विपरीत विधुत विभाग की मनमानी से आम जन परेशान है। अघोषित बिजली कटोती एवं बेहाताशा बिल वृद्वि करने के बावजुद बिना कारण गांवों में बिजली कटौती से लोगों का बुरा हाल है। उक्त बात विधायक भंवरसिह शेखावत ने विधायक कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में सोमवार को कही। शेखावत ने आगे कहा कि बिजली विभाग की मनमानी से क्षेत्र की जनता परेशानी में है। बिना सूचना के गांव की बिजली काट दी जाती है। इस संबंध में विभाग मंत्री प्रधुमनसिंह एवं कलेक्टर व विभाग के अधिकारी से चर्चा भी की गई। अनाप शनाप बिजली बिल वसुली के बावजुद विभाग करोडों के घाटे में है। गर्मी व शादियों का सीजन होने के बावजुद गांवो की बिजली काटना न्योयोचित नहीं है। विधायक शेखावत ने लाडली बहना को लेकर कहा कि प्रदेश सरकार दोहरा खेल खेल रही है। कई नामों की छंटनी कर दी व नए नाम नहीं जोडे जा रहे है।निर्माणाधीन शासकिय अस्पताल भवन को लेकर विधायक शेखावत ने कहा कि पुलिस हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित भवन में कई खामिया है न पानी की व्यवस्था न अन्य सुविधाएं। कोद में भवन तैयार है किंतु न डाक्टर है, न पेरामेडिकल स्टाप की सुविधा है लंबे समय से कोद में अस्पताल पर ताला पडा है। पुलिस विभाग सीएम के पास होने के बावजुद थानों में क्या चल रहा है किसी से छिपा नही है। मप्रविमं, पुलिस व तहसील में लुट मची है। भ्रष्टाचार की सीमा नही है। व्यवस्था परिवर्तन का समय आ गया है। जनता को साथ लेकर व्यवस्था परिवर्तन हेतु बडा आंदोलन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक प्रतिनिधि महेश पाटीदार, निज सहायक आरपी सिंह, राजन जाट, आशिष जोशी सहीत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। जानकारी विधायक प्रतिनिधि महेश पाटीदार ने दी।

# अवैध रूप से रसोई गैस बेचने वालों पर कार्रवाई

**मनावर।। नगर में सोमवार 23 मार्च को कलेक्टर खाद्य के निर्देशन में खाद्य आपूर्ति विभाग मनावर द्वारा मनावर नगर के रहवासी क्षेत्र एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण एवं व्यवसायिक उपयोग की जांच की गई। जांच दल में अनुराग वर्मा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मनावर, निलेश जाधव कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व रमेश जर्मन, विजय नर्गेश विभागीय सहायक थे।**



### जांच टीम द्वारा

(1) दिनेश कल्याणमल शर्मा के गांधी नगर स्थित उनके निज निवास से कुल घरेलू सिलेंडर 14 .2घ्घ्द्द क्षमता 20 नग, व्यवसायिक सिलेंडर 1 नग, 5घ्घ्द्द क्षमता सिलेंडर 8 नग, तौल काँटा, विभिन्न कंपनी गैस डायरी 20 नग व गैस ट्रांसफर के लिए उपयोग की जाने वाली बांसुरी तीन नग जप्त किया गया।( 2) न्यू कल्याण होटल धार रोड मनावर से 7 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गये इसके अतिरिक्त धार रोड स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठान श्री बालाजी बेकरी व हाइड आउट रेस्टोरेंट पर इंडक्शन से खाना बनाते पाया। रहवासी क्षेत्र में प्राप्त अवैध भंडारण की सूचना के आधार पर मालवीय चौपाटी कांच मंदिर के पास स्थित मुस्तफा नजमुद्दीन, दे मकान और आजाद मार्ग स्थित इमरान राशिद व हमिद किराना दुकान की भी जांच की गयी। जहां मौके पर घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग नही पाया गया कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी, घरेलू उपभोक्ताओं को सिलेंडर रिफिल में कोई समस्या नही आने दी

### भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चे के प्रदेश महामंत्री बने राठौड़

**बदनावर।** भाजपा मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चे की प्रदेश कार्यकारिणी में इस बार भी बदनावर को प्रतिनिधित्व मिला है। भाजपा नेता नरेद्र राठौ? को मोर्चे का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से अपनी कार्यकारिणी घोषित की।



राठौ? इसके पहले मोर्चे के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी तथा नगर पंचायत के पार्षद रह चुके है। राठौ? की नियुक्ति पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार व सुनील मोदी, जिला सह कार्यालय मंत्री अनामिका ठाकुर, भाजपा जिला सहमीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि समेत पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओ ने बधाई देकर संगठन का आभार माना।

## गच्छाधिपति आचार्य विजय नित्य सेन सुरेश्वर जी महाराज का नगर में मंगल प्रवेश

**गुरुदेव ने नव निर्मित विमल जयंत मांगलिक भवन का किया लोकार्पण**





**बाग। मोहनखेड़ा महातीर्थ पर होने वाले नवपद ओली जी में निश्रा देने जा रहे गच्छाधिपति आचार्य श्री नित्य सेन सूरी जी एवं साधु साध्वी मण्डल का कुक्षी से होते हुवे गुरुदेव जयंत सेन सुरीश्वर जी की मोन साधना एवं हृदय स्थली बाग नगर में भव्य प्रवेश हुवा**

जैन श्री संघ ने बैंड बाजों के साथ गुरुदेव की अगवानी की।। प्रातः 8 बजे वरघोड़ा जबरेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर नगर में प्रवेश किया समाज जनों ने अपने अपने निवास पर गुरुदेव की गहूली की तत्पश्चात श्रीसंघ द्वारा नव निर्मित विमल जयंत मांगलिक भवन का वाक्षेप डाल कर एवं कुंकुम पगलिए से लोकार्पण किया साथ में मुनि भगवंत श्रीसंघ अध्यक्ष अमित जैन एवं सभी समाज जन मौजूद थे। जैसे ही विमल जयंत मांगलिक भवन का लोकार्पण हुआ युवाओं ने भगवान एवं गुरुदेव के जयकरो से माहौल गुंजायमान कर दिया । गुरुदेव ने भवन की भव्यता और सुंदरता देख समाज अध्यक्ष एवं कमेटी की तारीफ की। तत्पश्चात जैन मंदिर में विमल नाथ भगवान के दर्शन वंदन करते हुवे पुण्य सम्राट प्रवचन हाल में गुरु गुणानुवाद सभा का आयोजन हुआ गुरुदेव को कामली ओढ़ने का लाभ सुशील कुमार राजमल जी घोड़ा वाला परिवार ने लिया एवं गुरुदेव के प्रथम वाक्षेप पूजा का लाभ प्रकाश चंद रूपचंद जी संघवी परिवार ने लिया धर्म सभा में मुनि भगवंत विद्वत रत्न विजय जी द्वारा गुरुदेव के प्रति संघ एवं समाज के समर्पण की तारीफ की ओर कहा कि जब गुरुदेव पुण्य सम्राट जयंतसेन सुरीश्वर जी का 1991 में उपाधान ओर 2004 में चातुर्मास था तब सीमित संसाधनों के बावजूद भी भव्य आयोजन किया था जो गुरुदेव के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया था। वही झलक आज भी दिखाई देती हे। झाबुआ, राणापुर एवं राजगढ़ श्री संघ के पदाधिकारी भी गुरुदेव के दर्शन वंदन के लिए पधारे । गुरुदेव के मंगलाचरण से धर्मसभा का समापन हुआ पश्चात संघ एवं बाहर के मेहमानों का स्वामी वात्सल्य का आयोजन श्रीसंघ द्वारा किया गया धर्मसभा का संचालन सुनील डैडी एवं आभार श्रीसंघ के अध्यक्ष अमित जैन द्वारा किया गया उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी निरेश सेठिया द्वारा दी गई

## जनजातीय नृत्य व वीर गाथाओं पर नाट्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां






**एसे आयोजनों के माध्यम से लुप्त होती जनजातीय कला को फिर जिवित करना हैं : पाटीदार**

**बाग** – हमारे क्षैत्र की पहचान जनजातीय कला जो देश विदेशों में प्रसिद्ध है वो कलाए हमेशा जिवित रहे ओर लुप्त ना हो इसलिये मध्यप्रदेश शासन एसे आयोजनों के माध्यम से हमेशा जिवित रख नयी पीढ़ी को इस कला से रुबरु करवाना है ।ताकी उन्हे भी पता रहे की एसी कलाएं भी हमारे क्षेत्र में है और हम इसको आगे बढ़ाने का कार्य करें । उक्त बात भाजपा जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय संग्रहालय भोपाल की ओर से बाग में चल रहे तीन दिवसीय मड़ई उत्सव समापन के अवसर पर कहीं । तीन दिवसीय इस आयोजन का शनिवार को समापन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, बाग सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया, पुर्व सैनिक अरविंद जी पुर्व उपसरपंच दिनेश झंवर, भाजपा नेता श्याम अगाल, जनपद सीईओ अंकिता अलावा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी,एस बघेल सर, उपस्थित रहै । कार्यक्रम की शुरुआत में ग्राम पिपरियापानी के प्रतापसिह मुजाल्दा एवं साथीयों की टीम भगोरिया नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। ढढार नृत्य कोरकू जनजातीय गोपाल सैला गरावी एवं साथी हरदा द्वारा किया गया । कर्मा शेला नृत्य गोंड जनजातीय अज्जू सिंह गरावी एवं साथी डिंडोरी साथ ही विरांगना रानी दुर्गावती नाट्य पूनर्स योजना आशीष पटेल सिवनी व साथियों द्वारा रानी दुर्गावती के जीवन पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी गई। इस बेहतरीन कार्यक्रम को देखने के लिए नगर की जनता देर रात्रि तक जमे रहै कार्यक्रम को देखकर मस्त हुए दर्शकों ने बताया की एसा आयोजन जो सभी का मन मोहक लिया एसे आयोजन होते रहना चाहिए इस तरह इस कार्यक्रम की हर आम और साख से बड़ी प्रशंसा की मध्यप्रदेश शासन के इस कार्यक्रम का बाग ब्लाक में ही बड़ा शानदार एवं जानदार कार्यक्रम आयोजित हुआ ।

### डॉ . दिप्ती गोखले प्रदेश वाल्मिकी सेना कोर की सदस्य बनी



**सरदारपुर।** नगर में वाल्मिकी समाज की डॉ दिप्ती अरुण गोखले को प्रदेश स्तर पर वाल्मिकी सेना कोर कमेटी का सदस्य बनाया गया है। यह नियुक्ति वाल्मीकि सेना के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य पटेल राजेश मेवाती और राष्ट्रीय सलाहकार जयकुमार बिडवान की अनुशंसा पर वाल्मिकी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कल्याणे ने की है। नियुक्ति पर दिप्ती ने बताया कि राष्ट्रीय सभी पदाधिकारीयो ने मुझ पर विश्वास जताया उस पर खरी उतरकर और वाल्मीकि समाज के उत्थान, विकास और शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा कार्यरत रहूंगी।



## बदनावर में प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत, नई कार्यकारिणी घोषित

**धार।** राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना के प्रदेश अध्यक्ष संदीप जाट के धार आगमन पर संगठन द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

जिला अध्यक्ष विजय जाट के नेतृत्व में फाइनेंस कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पहारों से स्वागत हुआ।इस दौरान देश के अमर शहीदों—भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में संगठन का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की गईं। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कुंदन जाट (बखतगढ़) को युवा इकाई का जिला प्रभारी और चेतन जाट (सुलावट) को पीथमपुर तहसील अध्यक्ष मनोनीत कर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने समाज सेवा और राष्ट्रभक्ति के पथ पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सर्व समाज के युवा और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर में

**भाजपा के कानवन व बिडवाल मण्डल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन**

# कार्यकर्ताओं के संगठनात्मक कौशल विकास पर जोर : पूर्व मंत्री दत्तीगांव

**बदनावर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कानवन व बिडवाल मण्डल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ।**

कानवन मण्डल के प्रशिक्षण सत्र के समापन पर सोमवार को 5 सत्र हुए। जबकि रविवार को तीन सत्र हुए थे। सोमवार को चौथे सत्र में कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, पांचवे सत्र में केंद्र सरकार की योजनाएं विषय पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राखी राय ने संबोधित किया। जबकि छठवें सत्र में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने सोशल मीडिया, एआई, नमो व संगठन एप के बारे में संबोधन दिया।




इसके बाद सातवे सत्र में प्रदेश सरकार की उपलब्धिया विषय पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण ही वह माध्यम है जिसमें कार्यकर्ता वैचारिक रूप से मजबूत होता है। आगामी चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को सरकार की जनहित कार्य योजनाओं और पार्टी की नीतियों की समझ होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं में संगठनात्मक कौशल का विकास प्रशिक्षण का उद्देश्य है।उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कौशल और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने शहर से लेकर गांव व मजरे टोले के विकास के लिए महत्वकांक्षी योजनाएं बनाई है। समाज के अंतिम पँक्ति के व्यक्ति के विकास का संकल्प लेकर सरकार काम कर रही।

इसके बाद अंतिम आठवे सत्र में भाजपा के जिला महामंत्री व प्रशिक्षण अभियान के जिला संयोजक राकेश पटेल मुख्य वक्ता थे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कपिल निनामा, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी, जनपद सदस्य नितिन सावंत, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर सिंह कामदार, गोपाल सेन, गोपाल जाट, गोरसिंह पलवाडा अतिथि रूप में मंचासीन थे। भाजपा के मण्डल अध्यक्ष दिलीपसिंह सोलंकी ने अतिथि परिचय दिया।

भाजपा का इतिहास व विकास विषय पर पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पार्टी जिस मुकाम पर पहुंची है। इसके पीछे कई नेताओ व कार्यकर्ताओ का कड़ा संघर्ष है ।उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना और विकास के इतिहास को तीन चरणों में समझा जा सकता है। उन्होंने भारतीय जनसंघ, आपातकाल के बाद जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि संगठन नेतृत्व ने विपक्ष में रहते हुए राष्ट्र हित के मुद्दे पर स?क से संसद तक संघर्ष किया। प्रधानमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी और अब नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने विकास का रिकार्ड बनाया है। इससे भारत का गौरव दुनिया में बड़ा है।